# सराहनीय कार्य
# इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट-दिनांक 10.07.2026**

**#CRACKDOWN**

- **इटावा पुलिस द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, एवं 20,170/- रुपये नकद बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में दिनांक 09.07.2026 को थाना इकदिल पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत चितभवन नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि एक शातिर अभियुक्त इटावा-भरथना मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल के आगे नावली जाने वाले मार्ग के पास खडा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई, स्वयं को पुलिस टीम द्वारा घिरता देखकर खजूर की झाड़ियों के पास छिपे अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायर किया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो अभियुक्त शिवम उर्फ शिवा के दाहिने पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा एवं 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 मिस कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।**

**घायल अभियुक्त शिवम उर्फ शिवा को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।**

**पुलिस पूछताछः-**

पकड़े गये व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर एवं 20,170/- रु0 नकद बरामद किये गये। बरामद रुपए के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कढ़ाई से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि दिनांक 03.07.2026 को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत चैन छीनने की घटना मेरे द्वारा कारित की गयी थी।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0सं0-145/2026 धारा 109(1) बीएनएस, 3/25/27 आयुध अधिनियम एवं 10/12 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम पंजीकृत किया गया एवं मु0अ0सं0-141/2026 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. शिवम उर्फ शिवा पुत्र स्व० सत्य प्रकाश गोस्वामी, निवासी नगला तिवारी वलैयापुर, पोस्ट अधियापुर, थाना जसवंतनगर, जनपद इटावा, उम्र लगभग 28 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0-141/2026 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस एवं 10/12 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1983, थाना इकदिल, जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0-145/2026 धारा 109(1) बीएनएस, 3/25/27 आयुध अधिनियम एवं 10/12 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1983, थाना इकदिल, जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहास**

**शिवम उर्फ शिवा पुत्र स्व० सत्य प्रकाश गोस्वामी**

1. मु0अ0सं0-460/2015 धारा 302भादवि, थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी।
2. मु0अ0सं0-203/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना घिरोर, जनपद मैनपुरी।
3. मु0अ0सं0-134/2021 धारा 379/411 भादवि, थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी।
4. मु0अ0सं0-148/2021 धारा 41/411/413 भादवि , थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी।
5. मु0अ0सं0-213/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी।
6. मु0अ0सं0-141/2026 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस एवं 10/12 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, थाना इकदिल, जनपद इटावा।
7. मु0अ0सं0-145/2026 धारा 109(1) बीएनएस, 3/25/27 आयुध अधिनियम एवं 10/12 दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, थाना इकदिल, जनपद इटावा।

**बरामदगी:-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. 01 मिस कारतूस 315 बोर
5. 20,170/- रुपये नकद

**पुलिस टीम-** निरी0 विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना इकदिल मय टीम।